**आकाशवाणी गोरखपुर**
**प्रादेशिक समाचार**

दिनांक–**14 अगस्त** 2026 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- देश के अस्सी वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर आज शाम राष्ट्र को संबोधित करेंगी राष्ट्रपति द्रौपदी मूर्मू। आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी चैनलों पर होगा प्रसारण।
- हर घर तिरंगा अभियान के तहत प्रदेश भर में निकाली जा रही हैं तिरंगा यात्राएं। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा– प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर घर घर पहुंचा यह अभियान।
- अयोध्या के श्री राम जन्मभूमि मंदिर में लागू होगा नया ड्रेस कोड। कल से नई पोशाक में नजर आएंगे अर्चक।
- प्रदेश में फिर सक्रिय हुआ मानसून। मौसम विभाग ने चार दिनों के लिए जारी की भारी बारिश की चेतावनी।

**********

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 80वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर आज राष्ट्र को संबोधित करेंगी। राष्ट्रपति का संबोधन शाम 7 बजे आकाशवाणी के सभी राष्ट्रीय चैनलों पर प्रसारित किया जाएगा। यह दूरदर्शन के सभी चैनलों पर हिंदी में प्रसारित होगा। इसके बाद इसका अंग्रेजी संस्करण भी प्रसारित किया जाएगा। दूरदर्शन पर हिंदी और अंग्रेजी में संबोधन के प्रसारण के बाद, इसका क्षेत्रीय भाषाओं में प्रसारण दूरदर्शन के क्षेत्रीय चैनलों पर किया जाएगा। आकाशवाणी अपने संबंधित क्षेत्रीय चैनलों पर रात साढे नौ बजे संबोधन के क्षेत्रीय भाषा संस्करण का प्रसारण करेगा।

**********

हर घर तिरंगा अभियान के तहत प्रदेश भर में तिरंगा यात्राएं निकाली जा रही है। कानपुर में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक कल तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर हर घर तिरंगा अभियान प्रदेश के कोने कोने तक पहुंचा है।

**आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आवाहन पर पूरे देश में पूरे प्रदेश में तिरंगा अभियान घर–घर पहुंच रहा है। मैं प्रदेश वासियों से कानपुर वासियों से अपील करता हूं। घर–घर तिरंगा अभियान में शामिल होकर के अपने घर पर तिरंगा फहराएं और बिठूर के हमारे जो स्वतंत्रता संग्राम सेनानी रहे हैं, जो स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का गढ़ रहा है। यहां से ऐसी शुरुआत करें कि अपना राष्ट्र प्रेम अपना राष्ट्र प्रथम की भावना से हम घर–घर जाएंगे और माननीय मोदी जी के नेतृत्व में माननीय योगी जी के नेतृत्व में अपने प्रदेश को नंबर एक पर ले जाने का काम करेंगे।**

प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय निषाद ने अभियान के तहत कल कानपुर देहात जिले में एक विशाल तिरंगा यात्रा की अगुवाई की।

**कानपुर देहात के अकबरपुर इंटर कॉलेज से शुरू हुई इस यात्रा में स्कूली बच्चों और स्थानीय नागरिकों ने लगभग 1200 फीट लंबे तिरंगे के साथ हिस्सा लिया। अयोध्या में भी भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गयी। राज्यसभा सदस्य और प्रदेश के पूर्व उप मुख्यमंत्री डॉ दिनेश शर्मा ने इस यात्रा का शुभारंभ किया। वहीं, बस्ती जिले में वहां की जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना के नेतृत्व में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इसी क्रम में भदोही जिले में भी राजेंद्र बरनवाल गर्ल्स इंटर कालेज से हर घर तिरंगा रैली निकाली गयी। समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।**

बाराबंकी में जिले के प्रभारी मंत्री सुरेश राही तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। बिजनौर में राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल की अगुवाई में तिरंगा यात्रा निकली। मऊ में प्रदेश के परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई। वहीं, प्रदेश के उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह बहराइच में तिरंगा यात्रा में शामिल हुए।

**********

वन विभाग की तरफ से एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत कल प्रदेश के सभी 75 जनपदों में वंदे मातरम् वाटिका स्थापित की जाएगी। अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक सामाजिक वानिकी दीपक कुमार ने बताया कि इस विशेष अभियान में नागरिकों की व्यापक भागीदारी सुनिश्चित होगी।

**प्रत्येक जनपद में एक चयनित स्थान पर 150 पौधों का रोपण किया जाएगा, जो राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूरे होने के अवसर पर प्रकृति को समर्पित श्रद्धांजलि होगी। वंदे मातरम वाटिका में स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप छायादार, फलदार और पर्यावरण संरक्षण में उपयोगी प्रजातियों के पौधे लगाए जाएंगे। अवध वन प्रभाग के प्रभागीय वनाधिकारी सितांशु पांडेय ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस पर कुकरैल पिकनिक स्पॉट में वंदे मातरम् वाटिका को विस्तार दिया जाएगा। यहां अशोक चक्र बनवाया गया है, इसकी 24 तीलियों के बाहर के क्षेत्र में अशोक के पौधे लगाए जाएंगे। समाचार कक्ष से, राघवेन्द्र त्रिपाठी।**

**********

अयोध्या के श्री राम जन्म भूमि मंदिर में कल से सभी अर्चक एक समान ड्रेस में नजर आएंगे। मंदिर से जुड़े धार्मिक समिति के सदस्य राजकुमार दास ने बताया कि समिति ने अर्चकों के लिए ड्रेस कोड तय कर दिया है।

**नए ड्रेस कोड के तहत सभी अर्चक पीत वस्त्र धारण करेंगे। गर्मी के मौसम में नीचे धोती और ऊपर उत्तरीय वस्त्र होगा। खास बात यह है कि यह वस्त्र सिला हुआ नहीं होगा, बल्कि बिना सिला हुआ रेशमी सिल्क का होगा। वहीं, शरद ऋतु में मौसम के अनुसार गर्म कपड़ों की व्यवस्था की जाएगी। उस दौरान ऊनी वस्त्र का इस्तेमाल होगा, लेकिन वस्त्र का रंग पीत ही रहेगा। समिति का मानना है कि इस बदलाव से मंदिर की पूजा व्यवस्था में एकरूपता तथा अनुशासन और मजबूत होगा। तन्मय सोनी, आकाशवाणी समाचार अयोध्या।**

**********

संसद का मानसून सत्र कल सम्पन्न हो गया। इससे पहले, संसद ने खान और खनिज–विकास तथा विनियमन संशोधन विधेयक, 2026 पारित कर दिया। राज्यसभा ने कल इसे मंजूरी दी। विधेयक का उद्देश्य देश में महत्वपूर्ण खनिजों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए खनन क्षेत्र को अधिक कुशल, निवेश अनुकूल और साधन सम्पन्न बनाना है। पिछले महीने की बीस तारीख से शुरू हुए सत्र के दौरान 12 विधेयक पारित किए गये।

**मानसून सत्र के दौरान विधायी और राष्ट्रीय महत्व के कई महत्वपूर्ण विधेयक पारित किए गए। इनमें सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) संशोधन विधेयक, 2026, राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण (संशोधन) विधेयक, 2026, न्यायाधिकरण सुधार विधेयक, 2026, कराधान और अन्य विधियां (संशोधन) विधेयक, राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (संशोधन) विधेयक और केरल (नाम परिवर्तन) विधेयक, 2026 शामिल हैं। संसद ने विदेशी अंशदान विनियमन संशोधन विधेयक–2026 पर विस्तृत चर्चा के लिए, संयुक्त संसदीय समिति के पास भेज दिया। दीपेन्द्र कुमार, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।**

**********

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में कल झांसी में बुंदेलखंड विश्वविद्यालय का 31वां दीक्षांत समारोह आयोजित हुआ। समारोह में 34 हजार 947 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की गई।

**********

गोरखपुर की जिला स्वास्थ्य समिति–डीएचएस ने वित्तीय वर्ष 2025–26 में एक बार फिर प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। यह जानकारी गोरखपुर के सीएमओ डॉ. राजेश झा ने दी। उन्होंने बताया कि समिति वित्तीय वर्ष 2024–25 में भी प्रदेश में अव्वल रही है।

**हम लोगों के डीएचएस को इस बार 2025–26 में भी रैंक वन मिला है और ये रैंक वन मिलना जो है अपने आप में एक बड़ी चीज मानी जाती है। इसका मतलब कि हम लोग अपना जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक करते हैं, वह बैठक हम लोग सही तरीके से करते हैं।**

**********

प्रदेश में एक बार फिर से मानसून सक्रिय हो गया है। इससे कई जिलों में कल मध्यम से लेकर तेज बारिश हुई। गोरखपुर में तेज बारिश के बाद कई इलाकों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई। इस बीच मौसम विभाग ने चार दिनों के लिए प्रदेश के कई हिस्सों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है।

**********

चंदौली जिले के एसआरवीएस महिला महाविद्यालय में कल भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के पत्र सूचना कार्यालय–पीआईबी, वाराणसी की इकाई द्वारा मीडिया कार्यशाला 'वार्तालाप' का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ मुगलसराय के विधायक रमेश जायसवाल ने किया। इसमें मीडिया और सरकार के बीच संवाद को मजबूत करने, फेक न्यूज एवं भ्रामक सूचनाओं की पहचान, फैक्ट–चेकिंग और डिजिटल टूल्स के प्रभावी उपयोग के संबंध में जानकारी दी गई। इस अवसर पर पीआईबी के निदेशक दिलीप शुक्ला भी उपस्थित रहे।

**********